आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 31.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- पौड़ी गढ़वाल के आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए गए।
- उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आपदा प्रभावित 258 गांवों में से 245 गांवो में बिजली आपूर्ति बहाल की।
- कुमाऊं का प्रमुख लोक पर्व सातों–आठों श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी।
इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा।

तुंगनाथी

चमोली के कनकचौरी से रुद्रप्रयाग के कार्तिक स्वामी मंदिर तक के ढाई किलोमीटर लंबे पैदल ट्रैक और पोखरी ब्लॉक में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे ट्रैकिंग ट्रेक्शन सेंटर का नाम स्वर्गीय डॉ. योगम्बर सिंह बर्तवाल "तुंगनाथी" के नाम पर रखा जाएगा। यह निर्णय उनकी साहित्यिक उपलब्धियों और क्षेत्र के प्रति योगदान को सम्मान देने के लिए लिया गया है।
देहरादून में संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्तवाल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने यह घोषणा की।
कार्यक्रम में कवि चन्द्र कुंवर बर्तवाल की अप्रकाशित कृतियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

जीडीपी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी की वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत है और इसका ऊर्जा खपत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि भारत में ऊर्जा की खपत वैश्विक अनुपात में तीन गुना अधिक है और सरकार शोधन क्षमता को मजबूत करने तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है।
श्री पुरी ने कहा कि भारत की की अर्थव्यवस्था चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर की है और इसकी बढ़ती जीडीपी दर भारत की आर्थिक स्थिति पर उठाए जा रहे सवालों का करारा जवाब है।

राहत राशि

पौड़ी गढ़वाल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए गए। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों और मृतकों के परिजनों को पाँच–पाँच लाख रुपये की सहायता दी गई।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन में तहसीलदार दीवान सिंह राणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में जाकर चेक बांटे। राहत राशि का एक हिस्सा एसडीआरएफ मद से और शेष मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपलब्ध कराया गया है।

भारी बारिश और भूस्खलन से तहसील पौड़ी के सैंजी, बुरांसी, रैदुल, फलद्वाड़ी, क्यार्द, कलूण और मणकोली गांवों में 22 आवासीय भवन ध्वस्त हो गए थे और 6 लोगों की मृत्यु हुई थी। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर त्वरित राहत देने के निर्देश दिए थे।

अवैध अतिक्रमण ध्वस्तीकरण

देहरादून में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला प्रशासन ने कल सरकारी भूमि पर बने दो अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

पहला अतिक्रमण नेहरूग्राम में सिंचाई विभाग की भूमि पर और दूसरा एनआईवीएच की भूमि पर दृष्टिबाधित बच्चों के पार्क के भीतर था। यहां अतिक्रमण कर बनाई गई मजार लंबे समय से रास्ता बाधित कर रही थी। नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह और उप जिलाधिकारी, सदर, हरिगिरि के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने दोनों अवैध ढांचे हटाए। इस दौरान सिंचाई विभाग और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

परीक्षा परिणाम

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने सब इंस्पेक्टर, नागरिक पुलिस, अभिसूचना और पीएसी भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा जनवरी में आयोजित हुई थी। जारी सूची के अनुसार नागरिक पुलिस श्रेणी में अब्दुल कादिर, अभिसूचना वर्ग में नवीन चंद्र जोशी और प्लाटून कमांडर वर्ग में विजय भट्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

आयोग ने परिणाम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां से अभ्यर्थी अपना परिणाम देख सकते हैं।

बिजली आपूर्ति

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आपदा प्रभावित 258 गांवों में से 245 गांवो में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। शेष 13 गांवों में आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी है।

प्रबंध निदेशक अनिल कुमार यादव ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले के चेनीगाड़, जखोली और तपोवन क्षेत्र में बादल फटने से कई गांव प्रभावित हुए थे। यूपीसीएल टीमों ने लगातार प्रयास कर 245 गांवों की बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी है। वहीं, बागेश्वर जिले के कपकोट ब्लॉक में भी आपदा से 50 गांव प्रभावित हुए थे। इनमें से 45 गांवों की बिजली बहाल कर दी गई है, जबकि शेष पाँच गांवों में कार्य तेजी से जारी है।

सातों–आठों पर्व

कुमाऊं का प्रमुख लोक पर्व सातों–आठों श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बागेश्वर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक लोगों ने परंपरा के अनुसार उपवास, पूजा और सामूहिक मेल–मिलाप किया।

यह पर्व भाद्रपद मास की सप्तमी और अष्टमी को मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं गौरा–महेश की पूजा करती हैं। इसकी शुरुआत बिरुड पंचमी से होती है, जब सात प्रकार के अनाज भिगोकर रखे जाते हैं। पूजा

के दौरान मंत्रोच्चार और लोकगीतों की धूम रही। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में हिमालय की बेटी गौरा को याद करती दिखीं।
पंडित देवेंद्र जोशी ने बताया कि यह पर्व बेटी की विदाई जैसा होता है, जब माता गौरी को मायके से पति महेश के साथ ससुराल विदा किया जाता है। ग्रामीण भावुक होकर गौरा को विदा करते हैं और अगले वर्ष उसके मायके लौटने की प्रतीक्षा करते हैं।

<u>हस्तांतरण</u>

केदारनाथ धाम की प्रसिद्ध ध्यान गुफा का संचालन अब बदरी–केदार मंदिर समिति करेगी। अभी तक इसका प्रबंधन गढ़वाल मंडल विकास निगम के पास था।
समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जीएमवीएन ने 29 अगस्त को ध्यान गुफा के हस्तांतरण को लेकर अनापत्ति दे दी है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने भी समिति को इसकी जानकारी दी है।
जीएमवीएन के महाप्रबंधक (पर्यटन) ने कहा कि सितंबर से अक्टूबर तक जिन 15 पर्यटकों ने ध्यान गुफा के लिए अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग की है, वह पूर्ववत मान्य रहेगी। इसके बाद गुफा का संचालन बीकेटीसी संभालेगी।

<u>शिविर</u>

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, देहरादून में आयुर्वेद आधारित मासिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन, आनंद स्वरूप ने कहा कि व्यस्त जीवनशैली और बढ़ते तनाव से निपटने के लिए आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि शिविर में कर्मचारियों को योग, प्राणायाम और सही दिनचर्या की जानकारी दी गई।
शिविर में 86 अधिकारियों और कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। शिविर में विशेषज्ञों ने संतुलित दिनचर्या और ऋतुचर्या के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया।
सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि आयुर्वेद संपूर्ण स्वास्थ्य संवर्द्धन का माध्यम है और इस तरह के शिविर कार्यस्थल पर सकारात्मकता और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेंगे।

<u>परमिट</u>

कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने जनता मिलन कार्यक्रम में रामनगर के जिप्सी चालकों को कार्बेट टाइगर रिजर्व से बाहर के क्षेत्रों में परमिट जारी करने की स्वीकृति दी। लगभग 50 जिप्सी चालकों की मांग पर लिए गए इस निर्णय के तहत परमिट केवल रिजर्व से बाहर जिप्सी संचालन के लिए ही मान्य होंगे।

<u>ट्रेन संचालन</u>

वहीं, नैनीताल के लालकुआं और राजकोट के बीच विशेष त्यौहार रेलगाड़ी का संचालन 7 सितंबर से 2 नवंबर तक किया जाएगा। यह ट्रेन हर रविवार चलेगी।
ट्रेन लालकुआं से दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी और जोधपुर होते हुए अगले दिन शाम 6 बजकर 10 मिनट पर राजकोट पहुंचेगी। इसमें 12 सामान्य शयनयान और 6 वातानुकूलित शयनयान सहित कुल 20 कोच होंगे।